**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–04.09.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की सराहना की, राज्य में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ और भाजपा नेताओं ने इसे बताया ऐतिहासिक कदम।**
2. **रांची में रिनपास शताब्दी समारोह का हुआ उद्‌घाटन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करते हुए मरीजों को आधुनिक इलाज की सुविधा कराई जाएगी उपलब्ध।**
3. **रांची में भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला आयोजित, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर हुई चर्चा।**
4. **चाईबासा में लूट का खुलासा, मुख्य आरोपी लखन जामुदा समेत पांच गिरफ्तार, पुलिस ने नकद, मोबाइल और मोटरसाइकिलें की बरामद।**
5. **मौसम विभाग ने राज्य में 10 सितंबर तक बारिश और वज्रपात का जारी किया येलो अलर्ट, लोगों से सतर्क रहने की अपील।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में किए गए सुधारों की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार के इस फैसले से आम आदमी, किसानों, एम.एस.एम.ई., मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। रांची में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने जीएसटी सुधारों की सराहना करते हुए इसे प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश को दिया गया "दिवाली गिफ्ट" बताया। उन्होंने कहा कि इससे आम लोगों, किसानों और छोटे व्यवसायियों का कर बोझ कम होगा और दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती होंगी।

*******************

जीएसटी दरों में बदलाव को लेकर रांची में आम जनता और भाजपा नेताओं ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए प्रधानमंत्री की सराहना की है। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए इस फैसले से अब सैकड़ों वस्तुएं सस्ती हो गई हैं और जीएसटी के केवल दो स्लैब 5ः और 12ः ही रहेंगे।

लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह फैसला आम आदमी, किसान और छोटे उद्यमियों को सीधी राहत देने वाला है।

*******************

इधर गुमला में भी जीएसटी की दरों में कटौती को लेकर व्यापारियों और आम लोगों ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। चौंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष राजेश लोहानी ने कहा कि नई नीति से व्यापारियों और आम जनता को फायदा होगा।

उधर खूंटी और रामगढ़ जिले के लोगों ने जीएसटी रिफॉर्म को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सकारात्मक कदम बताते हुए स्वागत किया। व्यापारी और आमजनों ने कहा कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर घटाई गई दरें, छोटे वाहनों और कृषि उपकरणों पर कम दरें उन्हें सीधे लाभ देंगी।

*******************

रांची में रिनपास के शताब्दी समारोह के उद्‌घाटन सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर टेली मेंटल हेल्थ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवा एवं डिजिटल अकादमी का शुभारंभ किया गया, साथ ही पोस्टल स्टाम्प, स्मारिका और चार पुस्तकों का भी विमोचन किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रिनपास में आधारभूत संरचना और शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करते हुए मरीजों को आधुनिक इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

वहीं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि इस संस्था ने नर सेवा नारायण सेवा के मंत्र को धरातल पर उतारा है।

*******************

रांची में भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री तथा सांसद राधा मोहन अग्रवाल और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवा पखवाड़ा के तहत आगामी प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों और उनकी तैयारी पर चर्चा की गई। पूर्व विधायक अमर कुमार बाउरी ने बताया कि पार्टी वृक्षारोपण और संगोष्ठी सहित कई कार्यक्रम आयोजित करेगी।

*******************

*******************

चाईबासा में हथियार का भय दिखाकर 5 लाख रुपए लूटने के मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त लखन जामुदा समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने बताया कि लूट की राशि में से 86 हजार रुपए और घटना में इस्तेमाल मोबाइल और मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

*******************

देवघर नगर निगम ने शहर में बढ़ती बायो–मेडिकल वेस्ट की समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसके निस्तारण को लेकर सख्त कदम उठाए हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- गढ़वा पुलिस ने नवादा गांव के पास से तस्करी के लिए ले जाए जा रहे करीब 170 गोवंशीय पशुओं को ग्रामीणों के सहयोग से जब्त किया। इस मामले में पुलिस ने पशु तस्करी में शामिल दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।
- कोडरमा जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र के नवादा गांव स्थित एक मैगजीन हाउस में एक गार्ड की हत्या कर ड्राइवर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।

*******************

मौसम विभाग ने 10 सितंबर तक राज्य के कई हिस्सों में मध्यम दर्जे की बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा का पूर्वानुमान जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना भी बनी रहेगी।

***************